दैनिक जागरण

Page No :11 Right Middle

इंजीनियरिंग कॉलेजों को मान्यता के लिए बनेगा महानिदेशालय

राब्यू, लखनऊ : इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट कॉलेजों को मान्यता अब प्राविधिक शिक्षा महानिदेशालय से मिलेगी। महानिदेशक प्राविधिक शिक्षा का पद सृजित हो गया है। जल्द ही इस पद पर किसी आइएएस अधिकारी की तैनाती की जाएगी। पॉलीटेक्निक व इंजीनियरिंग कॉलेजों की कमान एक हाथ में होगी। अभी पालीटेक्निक संस्थान जहां डिप्लोमा स्तरीय कोर्सेज की पढ़ाई होती है, उनकी मान्यता व अन्य कार्य प्राविधिक शिक्षा निदेशालय से होते हैं। वहीं इंजीनियरिंग कॉलेज जहां बीटेक, बीफॉर्मा, एमबीए आदि कोर्सेज की पढ़ाई होती है, उसकी मान्यता, प्रवेश व परीक्षा की पूरी जिम्मेदारी डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि (एकेटीयू) के कंधों पर है।